सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राज.) - 333031

मिसिल सं: 35/32/2020- स्था.।　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक : 05.08.2025

सूचना

विषय:- संस्थान में राष्ट्र के 79 वें स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2025) का आयोजन।

संस्थान के समस्त सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह दिनांक 15.08.2025 को प्रातः 09:15 बजे संस्थान के मुख्य लॉन में निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार आयोजित किया जाएगा:-

1. निदेशक महोदय का सपत्नीक आगमन एवं श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान करके स्वागत
2. माँ भारती के चित्र पर निदेशक महोदय एवं अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण / पुष्पांजलि
3. निदेशक, सीरी द्वारा ध्वजारोहण एवं सीवीएम के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान
4. निदेशक, सीरी द्वारा परेड निरीक्षण
5. सीरी के सुरक्षा गार्डों का समारोहपूर्ण पोशाक (Ceremonial Dress) में परेड और सीरी विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा सीवीएम बैंड के साथ परेड प्रदर्शन
6. सीरी विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत
7. निदेशक, सीरी द्वारा संबोधन

इस समारोह में संस्थान के समस्त सहकर्मी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। आप सभी से निवेदन है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए दिनांक 15.08.2025 को संस्थान के मुख्य लॉन में प्रातः 09:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें।

मधुरंजन 05/08/2025

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
3. श्री प्रमोद कुमार तँवर, प्रमुख, पीएमई
4. श्री अशोक नायक/डॉ. आर.के. सिंह - पुष्पगुच्छ, पुष्प एवं अन्य अपेक्षित व्यवस्था के लिए
5. श्री नरेंद्र सिंह मीणा, सहायक कार्यपालक अभियंता - समारोह के दौरान विद्युत व्यवस्था के लिए
6. श्री रवींद्र कुमार जांगिड़, सुरक्षा प्रभारी – अपेक्षित आवश्यक व्यवस्था के लिए
7. डॉ नीरज कुमार, महासचिव, सीरी स्टाफ क्लब – अपेक्षित आवश्यक व्यवस्था के लिए
8. डॉ मनीष मैथ्यू, सचिव-सीरी विद्या मंदिर समिति - सीरी विद्या मंदिर द्वारा कार्यक्रम संचालन आदि के लिए
9. अध्यक्ष / महासचिव, सीरी कैफ़ेटेरिया – मिष्टान्न एवं जलपान आदि की व्यवस्था एवं वितरण के लिए
10. संस्थान के समारोह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए
11. प्रमुख, पीएमई - फोटोग्राफी, साउंड सिस्टम एवं अन्य अपेक्षित व्यवस्था के लिए
12. श्री किशन लाल, एमटीएस – समारोह के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था एवं मैनपावर के लिए
13. प्रमुख, एआईटीजी – संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के लिए
14. संबंधित फ़ाइल
15. सूचना पट्ट